भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2625
04 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

विषय: राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत शामिल जिले

2625. श्रीमती मंजू शर्माः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) राजस्थान में बागवानी मिशन के अंतर्गत शामिल किए गए जिलों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का उक्त मिशन का शेष बचे जिलों में भी विस्तार करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार को उक्त मिशन के अंतर्गत अधिक जिलों को शामिल करने के लिए कई अन्य राज्यों से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं; और
(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): देश में बागवानी के समग्र विकास के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एनएचएम) को समेकित बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के अंतर्गत वर्ष 2014 से कार्यान्वित किया जा रहा है। एमआईडीएच के प्रचालन दिशा-निर्देशों में वर्ष 2025 में किए गए संशोधन के पश्चात इस मिशन के अंतर्गत राजस्थान के सभी जिलों को शामिल किया गया है।

(ख) से (घ): एमआईडीएच के प्रचालन दिशा-निर्देशों में वर्ष 2025 में संशोधन से पूर्व, राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एनएचएम) का क्रियान्वयन उन चयनित जिलों में किया जाता था जिन्हें बागवानी फसलों की तुलनात्मक लाभप्रदता, कृषि-जलवायु उपयुक्तता तथा मार्केटिंग लिंकेज के विकास की संभावनाओं के आधार पर चिन्हित किया गया था। वर्ष 2014-15 में एमआईडीएच के शुभारंभ के बाद से सरकार को विभिन्न राज्यों से मिशन के अंतर्गत अतिरिक्त जिलों को शामिल करने हेतु अभ्यावेदन प्राप्त हुए। मिशन के क्रियान्वयन के अनुभव तथा राज्यों से प्राप्त अभ्यावेदनों को ध्यान में रखते हुए, वर्ष 2025 में एमआईडीएच के प्रचालन दिशा-निर्देशों में संशोधन किया गया, जिसके अंतर्गत मिशन का विस्तार सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के सभी जिलों तक कर दिया गया। तदनुसार, अब सभी जिले प्रचालन दिशा-निर्देशों के अनुसार मिशन के अंतर्गत सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं।

*****